भोपाल मेमोरियल अस्पताल और अनुसंधान केंद्र,

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार)

रायसेन बायपास रोड, भोपाल - 462 038 (म.प्र.)

फोन: +91 755 2742212-16, फैक्स:- +91 755 2748309, ईमेल: bmhrcbhopal@gmail.com, वेबसाइट: www.bmhrc.ac.in

दवाओं हेतु ई-टेंडर

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा संख्या:- बीएमएचआरसी/पीयूआर/ई/ड्रग्स/23-24/119

निदेशक बीएमएचआरसी, आईसीएमआर, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भोपाल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in/eprocure/app के माध्यम से **दो बोली प्रणाली** में, **दवाओ के मूल निर्माताओं से** दवाओं/औषधियों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित करते है। दर अनुबंध 2 वर्ष की अवधि के लिए होगा। उपर्युक्त निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद आपूर्तिकर्ता के संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर , निदेशक, बीएमएचआरसी के विवेक के अधीन इसे एक वर्ष की अवधि के लिए परस्पर सहमति से बढ़ाया जा सकता है, यदि किसी विशेष वस्तु के लिए बाजार में कीमत में कोई कमी नहीं हुई है। निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक संज्ञान में लिया जाना चाहिए और बोलीदाताओं द्वारा अनुपालन किया जाना चाहिए। **मैन्युअल रूप से तैयार की गई बोलियों को किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

बोली अनुसूची

क्र.सं.	निविदा संख्या	अनुमानित लागत (रु.)	ईएमडी लागत (रु.)	निविदा के प्रकाशन/डाउनलोड करने की तिथि	ऑनलाइन बोली जमा करने की आरंभ और अंतिम तिथि तथा समय	ऑनलाइन बोली और ईएमडी/मूल बोली अभिरक्षा राशि जमा करने की अंतिम तिथि तथा समय	बोली खोलने की तिथि और समय	प्रस्ताव की वैधता
1.	बीएमएचआरसी/ पीयूआर /ई/ड्रग्स/23-24/119	लगभग 97.36 लाख/ वार्षिक	30000	13.02.24 को 04.00 बजे	14.02.24 को 09.00 बजे से 06.03.24 को दोप. 02.00 बजे तक	06.03.24 को दोप. 02.00 बजे तक	07.03.24 को 03.00 बजे	180 दिन

बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे https://eprocure.gov.in/eprocure/app पर इच्छुक दवा की निविदा के अनुरूप ऑनलाइन भाग लें। बोलीदाता अपनी पात्रता के अनुसार भाग ले सकता है, और उसे उस संबंधित निविदा के अंतर्गत दवा के लिए आवश्यक दस्तावेज और बोली अपलोड करनी होगी, जिसके लिए वह बोली/आवेदन करना चाहता है, अथवा निविदा दस्तावेज को वेबसाइट www.bmhrc.ac/सीपीपी पोर्टल से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

आवश्यक दस्तावेज ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल के माध्यम से अपलोड किए जाने चाहिए। आरटीजीएस/एनईएफटी/बोली अभिरक्षा राशि घोषणापत्र (अनुलग्नक-III) के माध्यम से भुगतान किए जाने की स्थिति में ईएमडी/लेन-देन विवरण की प्रति को छोड़कर दस्तावेजों की कोई भी हार्ड-कॉपी स्वीकार नहीं की जाएगी।

ऑनलाइन बोली जमा करने की अंतिम तिथि **06.03.24** को दोप. **02.00** बजे तक होगी।

निदेशक, बीएमएचआरसी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी अथवा सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

नोटः बाद के सभी शुद्धिपत्र/संशोधन केवल सीपीपी पोर्टल/बीएमएचआरसी वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाएंगे।

(प्रभारी निदेशक)